दिन–बुधवार

दिनांक– 03 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने का कल अंतिम दिन। अब तक सैंतीस अभ्यर्थियों ने भरे पर्चे।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने दरभंगा से एक बैंक मैनेजर और बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा एक अन्य कर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

04. और, बेगूसराय में चल रही बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सेमीफाईनल में जगह बनाई।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी खैरा के बल्लोपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में भी श्री मोदी ने जमुई से ही चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की थी। इस लोकसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास के अरूण भारती एनडीए उम्मीदवार हैं। इधर, प्रधानमंत्री सात अप्रैल को नवादा में भी एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। नवादा से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने यह जानकारी दी। जमुई से सात और नवादा से आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों संसदीय क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने की कल अंतिम तिथि है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक इन सीटों के लिए कुल सैंतीस उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। आज जिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये, उनमें पूर्णियां से राजद की बीमा भारती, कटिहार से कांग्रेस के तारिक अनवर और किशनगंज संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के मोहम्मद जावेद प्रमुख हैं। किशनगंज से एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने भी आज अपना पर्चा भरा। इस चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। वहीं, उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————

पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता पप्पू यादव कल अपना नामांकन पत्र भरेंगे। श्री यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे के तहत पूर्णियां संसदीय सीट राजद के खाते में गयी है, लेकिन पप्पू यादव भी इस सीट से चुनाव लड़ने पर अडिग हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वे हाजीपुर लोकसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान का समर्थन करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में श्री पारस ने कहा कि वे बिहार में सभी चालीस सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु सिंह कुशवाहा, संगठन मंत्री रविन्द्र सिंह और राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार समेत बाईस नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया।

———————————————————————

पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने कहा है कि वे या उनके पुत्र सीवान संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि उनके पति की मौत के बाद राजद ने उनके परिवार की उपेक्षा की।

———बाईट———

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। चुनाव तारीख की घोषणा के साथ ही संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जिला प्रशासन जुट गया है। जगह–जगह से पोस्टर–बैनर और होर्डिंग उतार दिये गये हैं। जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

———बाईट——डीएम 01——

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

———बाईट——डीएम 02——

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट——एसपी 01——

बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में मेरा पहला वोट देश के लिए और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व थीम पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट——युवा मतदाता——

इधर, लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न दलों द्वारा भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

————————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात मामले दर्ज किये गये। पूर्वी चम्पारण में तीन, औरंगाबाद में दो और शेखपुरा तथा भागलपुर में एक–एक मामले दर्ज किये गये हैं।

————————————————————————————

चुनाव आयोग की उड़न दस्ता टीम ने गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत सवरेजी मोड़ के पास एक व्यक्ति से बीस लाख रूपये जब्त किये हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

————————————————————————————

शेखपुरा में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अफरडीह गांव के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन सवार चार लोगों को पांच लाख सत्तावन हजार रूपये से अधिक की राशि के साथ हिरासत में लिया है।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव को देखते हुये अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में वांछित उनचास अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चौबीस किलो गांजा और लगभग सौ लीटर नेपाली शराब भी बरामद की गयी है।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि वे लोकसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका नहीं निभा सकेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पिछले छह महीनों से गले के कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनका दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है।

————————————————————————————

निष्पक्ष चुनाव, सफल लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। चुनाव में सभी मतदाताओं से मतदान  की अपील की जाती है क्योंकि इससे लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है तथा सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। हमारे संवाददाता की एक विशेष रिपोर्ट...

———बाईट———

भारत के चुनावी इतिहास में ऐसे उदाहरण भी हैं, जहां राजनेताओं का भाग्य सिर्फ एक वोट के कारण अधर में लटक गया। ऐसा ही एक उदाहरण है 2004 का कर्नाटक विधानसभा चुनाव। इस चुनाव में सन्तिमरहल्ली विधानसभा क्षेत्र से जनता दल सेक्यूलर के उम्मीदवार वी.आर. कृष्णमूर्ती को कांग्रेस के आर. त्रिभु नारायण से महज एक वोट के अंतर से हार का मूह देखना पडा। इसी तरह 2008 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में उस समय के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार सी.पी. जोशी को नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कल्याण सिंह चौहान ने सिर्फ एक वोट के अंतर से पटकनी दे दी। ऐसे उदाहरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आकार देने में प्रत्येक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए नई दिल्ली से दुर्गेश भदौडिया।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने दरभंगा के धर्मपुर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक गुड्डू रजक को तीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्रबंधक नाबार्ड प्रायोजित योजना में लोन देने के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था। वहीं, निगरानी विभाग की टीम ने दरभंगा बिजली विभाग के कार्यपाल अभियंता अजीत कुमार और एक महिला कर्मी रिंकू कुमारी को चालीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बिजली कनेक्शन देने के एवज में कार्यपालक अभियंता अपनी सहयोगी के साथ घूस ले रहा था।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने मीडिया में आ रही उन खबरों को खारिज किया है, जिसमें कहा गया है कि लगभग पांच सौ प्रकार की दवाओं के मूल्य में वृद्धि की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि यह खबर पूरी तरह भ्रामक है। मंत्रालय ने कहा कि सात सौ बयासी दवाओं के मूल्य में कोई परिर्वतन नहीं किया गया है, जबकि चौवन दवाओं पर एक पैसे की मामूली बढोतरी की गई है।

———————————————————————

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान एनआईओएस की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा का आयोजन छह अप्रैल से पच्चीस मई के बीच होगा। परीक्षा के लिए बिहार में कुल बावन केन्द्र बनाये गये हैं। साथ ही राज्य के पन्द्रह कारागारों में भी बंदियों के लिए परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

———बाईट———

इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान हवा की गति पन्द्रह से बीस किलोमीटर प्रतिघंटे तथा झोंके के साथ पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहने की सम्भावना है।

———————————————————————

बेगूसराय में चल रही बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सेमीफाईनल में जगह बना ली है। बिहार ने हरियाणा की टीम को पराजित कर सेमीफाईनल में जगह बनायी। बिहार का सेमीफाईनल मैच में झारखंड से मुकाबला होगा।

———————————————————————

कैमूर जिले के चांद प्रखंड में प्रमुख तथा भगवानपुर प्रखंड में प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख का चुनाव पन्द्रह अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी ने यह जानकारी दी।

———————————————————————

मुंगेर पुलिस ने गंगा पार दियारा इलाका के सीताचारण में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।
02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने का कल अंतिम दिन। अब तक सैंतीस अभ्यर्थियों ने भरे पर्चे।
03. निगरानी जांच ब्यूरो ने दरभंगा से एक बैंक मैनेजर और बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा एक अन्य कर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।
04. और, बेगूसराय में चल रही बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सेमीफाईनल में जगह बनाई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।